दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्ष :-04
अंक:-275
मुरादाबाद
25 January 2025
(Saturday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## महाराष्ट्र की भंडारा आयुध फैक्टरी में विस्फोट, इकाई की छत ढ़ही; आठ की मौत, सात घायल



एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं काम पर जा रहा था और मैंने हवा में मलबा उड़ते देखा। एक टुकड़ा मेरे पास आकर गिरा, मैं वहां से भाग गया। मैंने आग और धुआं निकलते देखा। मैंने बहुत तेज धमाका सुना। पूरी इमारत उड़ गई।महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के 'एलटीपी सेक्शन' में हुआ। विस्फोट के समय 'एलटीपी सेक्शन' में 14-15 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया और एक की मौत हो गई। अग्निशमन दल और एंबुलेंस को मौके पर भेज दिया गया है। छत ढह गई है, जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है।हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रही- फडणवीस हादसे की खबर आते ही फडणवीस ने दुख जताया। उन्होंने कहा, %भंडरा जिले में आयुध फैक्टरी में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 श्रमिकों के फंसने की खबर है। अब तक मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्भाग्य से एक श्रमिक की मौत हो गई है। कई श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रही है। बचाव अभियान के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव अभियान में शामिल है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमों को तैयार रखा गया है। मैं इस घटना में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।%कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेराविस्फोट पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार की विफलता है। प्रत्यक्षदर्शी ने सुनाई आपबीती- एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं काम पर जा रहा था और मैंने हवा में मलबा उड़ते देखा। एक टुकड़ा मेरे पास आकर गिरा, मैं वहां से भाग गया। मैंने आग और धुआं निकलते देखा। मैंने बहुत तेज धमाका सुना। पूरी इमारत उड़ गई।

## संक्षिप्त समाचार



### 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे। इसी दिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी महाकुंभ में स्नान करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाली 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे। उनका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसी दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी भी स्नान करेंगे। बता दें कि बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर महाकुंभ में अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। कहा कि महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है।उन्होंने मांग की है कि मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान से पहले सरकार सभी तैयारी पूरी करे। तीन फरवरी के बाद कांग्रेस नेता महाकुंभ में डुबकी लगाने जाएंगे।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि महाकुंभ में आग लगने के बाद सांसद उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मौके पर गया था। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों को बदइंतजामी का सामना करना पड़ रहा है।

## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा; 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए समिति की सदस्यता से निलंबित



वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संसद परिसर में हुई जेपीसी की बैठक पर कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल चल रहा है। सभापति इस बैठक को आगे बढ़ा रहे हैं और वह किसी की नहीं सुन रहे हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया है। उन्होंने मीरवाइज के सामने हंगामा किया और बदसलूकी की। यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है।वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी।सभी 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए निलंबित-बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।निशिकांत दुबे ने पेश किया निलंबन प्रस्ताव-भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इसे समिति ने स्वीकार कर लिया। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था, क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। मीरवाइज को बुलाने से पहले चर्चा में हंगामा-मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की और इसी दौरान विपक्षी नेताओं के साथ बैठक में हंगामा हो गया। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने पर जोर दे रही है। बैठक के दौरान तीखी बहस के कारण कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। मीरवाइज के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल समिति की बैठक फिर से शुरू होने के बाद उसके सामने पेश हुआ।आरोप-प्रत्यारोप का दौर-तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन बैठक से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि समिति की कार्यवाही तमाशा बन गई है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों पर खंडवार विचार करने के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक के लिए टाल दिया जाए। निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि उनका आचरण संसदीय परंपरा के खिलाफ है और वे बहुमत की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। मीरवाइज ने क्या कहा?- समिति के समक्ष पेश होने से पहले मीरवाइज ने कहा कि वह वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप नहीं करने का समर्थन करते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे सुझावों को सुना जाएगा और उन पर अमल किया जाएगा। ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाए, जो मुसलमानों को बसहज महसूस कराए। यह पहली बार है, जब लगभग निष्क्रिय हो चुके अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख मीरवाइज ने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी से बाहर कदम रखा है। बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल- बनर्जी-कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल चल रहा है। सभापति इस बैठक को आगे बढ़ा रहे हैं

## केंद्रीय गृह मंत्री ने शरद पवार को घेरा, कहा- उन्होंने अपने समय में सहकारिता के लिए कुछ नहीं किया



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब विज्ञान सहकारी क्षेत्र का हिस्सा होता है तो कृषि लाभदायक हो जाती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने जैविक फसल पैदा करने वाले किसानों की मार्केटिंग और पैकेजिंग के लिए भारत ऑर्गेनिक कोऑपरेटिव लिमिटेड की स्थापना की है। महाराष्ट्र में सहकारिता सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनसीपी (शरद) के प्रमुख शरद पवार पर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि शरद पवार जब कृषि मंत्री थे तो उन्होंने सहकारी क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया। नासिक में सहकारिता सम्मेलन में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब विज्ञान सहकारी क्षेत्र का हिस्सा होता है तो कृषि लाभदायक हो जाती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने जैविक फसल पैदा करने वाले किसानों की मार्केटिंग और पैकेजिंग के लिए भारत ऑर्गेनिक कोऑपरेटिव लिमिटेड की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज को प्रमाण पत्र देने और बाजारों में बेचने के बाद पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजा जाएगा। पीएम मोदी ने आजादी के 75 साल बाद इस मंत्रालय की स्थापना की है जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## तीन फरवरी के बाद महाकुंभ में स्नान करेंगे कांग्रेस नेता, प्रदेश अध्यक्ष बोले- वहां अव्यवस्था



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि महाकुंभ के लिए आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है। वहां पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। मौनी अमावस्या के पहले सरकार सारे इंतजाम पूरे करे।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर महाकुंभ में अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। कहा कि महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है।उन्होंने मांग की कि मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान से पहले सरकार सभी तैयारी पूरी करे। तीन फरवरी के बाद कांग्रेस नेता महाकुंभ में डुबकी लगाने जाएंगे।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि महाकुंभ में आग लगने के बाद सांसद उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मौके पर गया था। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों को बदइंतजामी का सामना करना पड़ रहा है।वहीं इस दौरान डॉ मनीष श्रीवास्तव, अंशू अवस्थी , प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, सुधा मिश्रा मौजूद रहे। मुख्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई।

## राजीव कुमार बोले- फर्जी खबरें बड़ा खतरा, चुनावी प्रक्रियाओं में खत्म होता है लोगों का भरोसा



राजीव कुमार ने चुनावों के भविष्य को आकार देने में एआई-संचालित प्रक्रियाएं, ऑनलाइन और दूरस्थ मतदान, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और वैश्विक सहयोग में वृद्धि जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने मौजूद सभी चुनाव प्रबंधन निकायों से चुनावों को अधिक पारदर्शी, समावेशी और सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी प्रगति के अवसरों को तलाशने का आग्रह किया।मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने फर्जी बयानों व धारणाओं को लेकर आगाह करते हुए चिंता जताई कि इससे चुनावी प्रक्रिया में विश्वास खत्म होता है। उन्होंने कहा कि गलत सूचनाएं खास तरह से ऐसे वक्त प्रसारित की जाती हैं जिससे चुनाव प्रक्रिया को निशाना बनाया जा सके। वह निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे।राजीव कुमार ने चुनावों के भविष्य को आकार देने में एआई-संचालित प्रक्रियाएं, ऑनलाइन और दूरस्थ मतदान, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और वैश्विक सहयोग में वृद्धि जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने मौजूद सभी चुनाव प्रबंधन निकायों से चुनावों को अधिक पारदर्शी, समावेशी और सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी प्रगति के अवसरों को तलाशने का आग्रह किया। उन्होंने न सिर्फ वैश्विक स्तर पर चुनावी प्रक्रियाओं की सुरक्षा करने में बल्कि उनकी पहुंच और प्रभाव का विस्तार करने में भी चुनाव प्रबंधन निकायों की भूमिका का उल्लेख किया। सम्मेलन में 13 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरीशस, फिलीपीन, रूस, ट्यूनीशिया और नेपाल ने हिस्सा लिया। इन देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के करीब 30 प्रतिनिधि शामिल थे।

## संपादकीय Editorial

### Murder of an investigation

The battle that eight people of the police department were fighting, in the wait and test of justice, finally became a headline whose lessons will always remain alive. The police action of suspicion tortured a Nepali citizen Suraj in the investigation of which the police team was finally punished. A crime, a pain and a black page passed through the law and order of Himachal, when the CBI court simultaneously declared eight police personnel guilty of the death of Suraj in custody. The ominous pages of the Kotkhai massacre were finally written on the forehead of the police itself. If the Kotkhai police investigation is a way between oppression and justice, then who will win when? This is a crime that appears to be against the law and order of the state and our social peace and due to this many cases registered in the police file will scream. To see the strict guards of law under which we keep the dignity of the state alive, crumbling like this raises many concerns. Obviously, the scope of this punishment will revolve around the entire department and the government will have to assure itself that not every police station is like Kotkhai and neither is the behaviour so disorderly in every investigation. The more times the wounds of Kotkhai are dug open, the more this state will curse its character. An ill-fated sweep has robbed the entire scenario. The surprising thing is that the police repeatedly auctioned its efficiency, balance, credibility and capability in the process of investigation. The Kotkhai case was divided into many factions and many people became its victims or narrowly escaped. The murder of investigation in the police station and the flames of anger in the police premises burnt many things even then and now the court verdict has put many questions on the character of Himachali. Needless to say, if the Kotkhai case reached the CBI verdict, then the role of civil society, media and opposition has also been behind it. It is a different matter that the media, which brought the matter to the court, has to fight to save itself from the charges of defamation. The irony in Himachal is that the media has to fight the charges in the courts to save the freedom of its profession. In the Kotkhai case, the civil society and the opposition returned after making their presence felt, but there are many such examples where senior journalists of various newspapers are running from one court to another. The surprising thing is not that the accused in the CBI court remained eligible in the system during this period, but that these stains of custodial murder continued to be protected. This should be a cause of relief for those innocent people who have been framed or threatened in the name of investigation. This is also a balm of justice for those families who were made unworthy in the police investigation. Ultimately, those whose character was maligned by the police investigation of the Kotkhai case should also get some judicial relief. It is not that the police's sympathy was not recorded in the CBI investigation. Sentry Dinesh of Kotkhai police station is actually the real hero of this decision. This incident happened in front of his eyes, and he became a witness to justice. Neither the pressure of police seniority nor the departmental authority could affect him. Here every salute of the decision goes to sentry Dinesh and if the standards of police are to be kept high, then this person should get promotion and financial benefits for honesty. There is also a need to sift through the ashes of the Kotkhai incident and ensure that the police system is not cursed at such a turn again. Even though the Kotkhai incident has slipped from the position of the previous governments to the point where eight policemen were convicted at once, but the current government will now have to present its decisive side so that it remains a record.

# Maha Kumbh 2025: Digital lost and found centers have a big role to play in Maha Kumbh, it is an old effort to reunite lost and lost people

The government has set up digital lost and found centers to find lost people in the Maha Kumbh Mela. These centers help people to meet their families through social media and emergency numbers. In this way, people coming to the Kumbh Mela can now participate in religious rituals without any worry. One thing has been prevalent about the Kumbh Mela, here people get separated from their loved ones. In the past, some people used to reunite with their families while some could not. Stories of separation in Kumbh have been used a lot in Bollywood films. However, in Prayagraj, an effort has been going on for the last eight decades to reunite the lost and lost people in the fairs. It was a herculean effort of a single person, which has now reached digital efforts. These days, when you come to the Maha Kumbh Mela in Prayagraj, you will find the lost and found centers established by the UP government in different sectors, which are doing a commendable job of reuniting lost and found people with their families every day. Before discussing the lost and found centers of Prayagraj Maha Kumbh-2025, let us take a look at the history. Apart from Kumbh, Magh Mela is also held in Prayagraj, whose form is also as huge as Kumbh. Rajaram Tiwari, a resident of Prayagraj, started a work of reuniting lost and found people with their families in the fair 79 years ago.




Actually, in the year 1946, when Rajaram Tiwari was 18 years old, an elderly woman got separated from her family in the Magh Mela. This was the time when loudspeakers were not very easily available. With the efforts of young Rajaram Tiwari, the elderly woman was reunited with her family, but Rajaram Tiwari had decided that he would now set up such a camp in the fair, where lost and lost people could be reunited with their families. When he started his lost and found camp, he used to announce the lost people in the fair with a loudspeaker made by cutting tin. Till his death in the year 2016, Rajaram Tiwari had reunited more than 14 lakh adults and more than 21,000 children with their families in Magh Mela, Ardh Kumbh Mela and Kumbh. People know him by the name of 'Bhoole Bhatke Walon Ka Baba'. Later, this effort of Rajaram Tiwari was taken over by the Uttar Pradesh government. The government also started setting up centers for lost and found people. Now the lost and found centers of the government have gone digital. This time the efforts of the Uttar Pradesh government in the Maha Kumbh Mela have become digital along with divine and grand. In the Maha Kumbh Mela, the government has set up lost and found centers in 10 sectors, in which apart from the reunion desk, waiting room, medical room, consultation room, food and accommodation have been arranged for women, men and children. There is a provision of giving information in two ways in the lost and found center. People come here and give information about their lost family members, while lost people also reach the centre themselves. Whenever a family or person reaches the found centre, announcements are made through loudspeakers in the entire fair area. When you reach the Maha Kumbh Mela area, you will hear such announcements. Efforts are being made to find lost people not only through loudspeakers but also through digital means. The lost and found centre is taking the help of social media. Information is immediately disseminated on WhatsApp groups. A large machinery of the government has been installed in the lost and found centres. Immediate information about a lost person or child can be given on emergency number 1920. Large balloons are being flown over the lost and found centres so that they can be identified from a distance. The possibility of someone getting separated from the family in the Kumbh Mela and never being found has almost been eliminated by the digital efforts of the lost and found centres. Lost and found centers are proving to be a boon for the people in the fair area. In the digital age, finding loved ones has become easy. It seems that people getting lost in Kumbh is going to turn into a dream.

# Election from jail, Supreme Court's big decision on Tahir Hussain

It should be understood that allowing accused of serious crimes like terrorism, separatism, riots and murder to contest elections even after being in jail does not enhance the value of Indian democracy. This only strengthens the criminalization of politics. It would be appropriate that people in jail on serious charges should be prevented from contesting elections. On the demand for bail to contest elections by Tahir Hussain, accused in the Delhi riots, the Supreme Court rightly said that such people should be barred from contesting elections. Unfortunately, this is not possible until the existing law is changed. For this change, the government will have to take the initiative and it will have to support the political parties. It is difficult to say whether all political parties are ready to change the law that allows people in jail to contest elections or not. This permission is given on the basis of the belief that every person is innocent until proven guilty. Due to this, many people contest elections even after being in jail and demand bail for election campaigning. These include those who are imprisoned on charges of serious crimes. The irony is that many such people win elections because they are able to cash in on people's sentiments in the name of caste, creed, region or by crying about their innocence. What should happen is that



voters should choose their representatives with maturity, but many times this does not happen. This was proved when in the last Lok Sabha elections, Khalistan supporter Amritpal Singh, who was imprisoned under the National Security Act, won from Punjab's Khadur Sahib seat. Similarly, engineer Rashid, who was imprisoned in Tihar Jail for terror funding, won the election from Jammu and Kashmir's Baramulla seat. After this, in the assembly elections, he got bail for election campaign on the basis that he is the head of his party. There is no bigger irony than this that people imprisoned in jail are not allowed to vote, but they are free to contest elections. Tahir Hussain, who is seeking bail to contest elections, has very serious charges of inciting violence against him, but this did not make any difference to MP Asaduddin Owaisi. Despite knowing everything, he made him a candidate for Delhi Assembly from his party. It should be understood that allowing those accused of serious crimes like terrorism, separatism, riots and murder to contest elections even after being in jail does not enhance the value of Indian democracy. This only strengthens the criminalization of politics. It would be appropriate that people imprisoned on serious charges should be prevented from contesting elections. Undoubtedly, prisoners also have some rights, but it is not right at all to make contesting elections a fundamental right for them. For this change, the government will have to take the initiative and it will have to support the political parties. It is difficult to say whether all political parties are ready to change the law that allows people in jail to contest elections or not. This permission is given on the basis of the belief that every person is innocent until proven guilty. Due to this, many people contest elections even after being in jail and demand bail for election campaigning. These include those who are imprisoned on charges of serious crimes. The irony is that many such people win elections because they are able to cash in on people's sentiments in the name of caste, creed, region or by crying about their innocence. What should happen is that voters should choose their representatives with maturity, but many times this does not happen. This was proved when in the last Lok Sabha elections, Khalistan supporter Amritpal Singh, who was imprisoned under the National Security Act, won from Punjab's Khadur Sahib seat. Similarly, engineer Rashid, who was imprisoned in Tihar Jail for terror funding, won the election from Jammu and Kashmir's Baramulla seat. After this, in the assembly elections, he got bail for election campaign on the basis that he is the head of his party. There is no bigger irony than this that people imprisoned in jail are not allowed to vote, but they are free to contest elections. Tahir Hussain, who is seeking bail to contest elections, has very serious charges of inciting violence against him, but this did not make any difference to MP Asaduddin Owaisi. Despite knowing everything, he made him a candidate for Delhi Assembly from his party. It should be understood that allowing those accused of serious crimes like terrorism, separatism, riots and murder to contest elections even after being in jail does not enhance the value of Indian democracy. This only strengthens the criminalization of politics. It would be appropriate that people imprisoned on serious charges should be prevented from contesting elections. Undoubtedly, prisoners also have some rights, but it is not right at all to make contesting elections a fundamental right for them.

# महाकुंभ के नाम पर राजनीतिक बयानबाजी नहीं होनी चाहिए, यह सबकी आस्था से जुड़ा है

## मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव में होगी भाजपा की जीत, यूपी स्थापना दिवस की विज्ञान एव प्रौद्योगिकी मंत्री ने दी शुभकामनाएं

मुरादाबाद। प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ में देश विदेश से करोड़ों लोग हर दिन पहुंच रहे हैं, यह सबकी आस्था से जुड़ा है। इस पर राजनीतिक



बयानबाजी नहीं होनी चाहिए। मंत्री अनिल कुमार शुक्रवार को पंचायत भवन परिसर में श्री अन्न मिलेट्स रेसिपी जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम और उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत। मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव में जीत के विपक्ष के दावे पर कहा कि विपक्ष तो जब नौ विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में भी यही दावा करता था लेकिन परिणाम सबके सामने है, मिल्कीपुर में हर हाल में भाजपा व एनडीए की जीत होगी।उन्होंने कुंभ को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा दिए बयानों पर कहा कि महाकुंभ सबकी आस्था से जुड़ा है। इस पर राजनीतिक बयानबाजी उचित नहीं है। उन्हें भी इसमें आना चाहिए। क्योंकि उनके पिता मुलायम सिंह यादव जी भी अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में कुंभ में गए थे, अखिलेश यादव को भी जाना चाहिए। कुंभ के नाम पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। राहुल गांधी और प्रियंका के कुंभ में आने को लेकर कहा कि सबका स्वागत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं और सबका साथ सबका विकास के नीति पर प्रतिभाओं के हुनर को निखार रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल भी मौजूद रहे।

# मुरादाबाद में 40 दुष्कर्म पीड़िताओं ने मांगा मुआवजा, एक को भी नहीं मिला, इसमें 10 नाबालिग शामिल

मुरादाबाद। रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत 40 दुष्कर्म पीड़िताओं की फाइलें तैयार कर शासन को भेजी गईं, लेकिन अब तक किसी को मुआवजा नहीं मिला। पीड़िताएं और उनके परिजन आर्थिक मदद के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। दुष्कर्म पीड़िता और उनके परिजन सरकारी मुआवजे के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन इन्हें मदद नहीं मिल रही। 40 पीड़िताओं ने रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत मदद की गुहार लगाई, लेकिन एक भी पीड़िता को मुआवजा नहीं मिल सका। 2024 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक अलग-अलग थाना क्षेत्रों में युवती, नाबालिग और महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुईं।इनमें 40 पीड़िताओं ने अपनी आर्थिक हालत ठीक न होने के कारण मुकदमे की पैरवी और अपना कारोबार शुरू करने के लिए सरकार से मदद मांगी। इसमें कुछ 10 नाबालिग भी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए पुलिस अफसरों को प्रार्थनापत्र दिए। पीड़िताओं के स्कूल, कॉलेज में पुलिस ने दाखिले कराए और फीस भी फ्री कराई है।इसके अलावा पुलिस ने 40 मामलों में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने के बाद रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत मदद के लिए इनकी फाइल तैयार कराईं, जिन्हें जिला प्रोबेशन विभाग को भेज दिया गया। जिला प्रशासन स्तर पर इन फाइलों की जांच पड़ताल की गई।जांच में पीड़िता मुआवजे के लिए पात्र मिलीं। शासन को फाइल भी भेज दी गई, लेकिन हैरानी की बात है कि एक भी पीड़िता को मुआवजा नहीं मिला। जिस कारण पीड़िता और उनके परिजन संबंधित विभाग के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना-इस योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं और बालिकाओं को तत्काल आर्थिक एवं चिकित्सा सहायता, समुचित इलाज, तत्काल आर्थिक क्षतिपूर्ति की सुविधा दी जाती है। 09 धाराओं में अपराध पीड़ित महिलाओं को कोष के तहत सुविधाएं दी जाती हैं। दस साल में 365 को ही मिली मदद-उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत मुरादाबाद में 365 पीड़िताओं को मदद मिल चुकी है। अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग धनराशि दी जा जाती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, छेड़खानी, एसिड अटैक, पॉक्सो एक्ट समेत 9 अलग-अलग अपराध में तीन से 10 लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है। योजना की शुरुआत दस साल पहले हुई थी। 2024 में मुरादाबाद से 40 पीड़िताओं को मुआवजा दिलाने के लिए फाइलें भेजी गई हैं। इनमें से अभी किसी को मुआवजा नहीं मिला है। 2022 और 2023 में भेजी गई फाइलों का भुगतान हो चुका है। - अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला प्रोबेशन अधिकारी




# बेटियों और महिलाओं को बनाएं सशक्त, दिलाएं अधिकार... निकाली गई जागरूकता रैली

## उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करें...राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से निकाली गई जागरूकता रैली

मुरादाबाद। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को %बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ% का संदेश लेकर सीएमओ कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.




कुलदीप सिंह ने किया। रैली का उद्देश्य जन सामान्य को %बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ% के लिए जागरूक करना था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में भी हमारे देश में लैंगिक असमानता एक बड़ी चुनौती बनी है। आज भी न जाने कितनी ही लड़कियों को शिक्षा, कानूनी अधिकार, स्वास्थ्य और समानता के अधिकार जैसे कई भेदभावों का सामना करना पड़ता है। भारत में बालिकाओं और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों से उन्हें बचाने, उनके सामने आने वाली चुनौतियों व उनके अधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस यानी नेशनल गर्ल चाइल्ड डे मनाया जाता है। जिससे देश की बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिल सके। इसके साथ ही इस दिन लोगों को बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके पोषण के महत्व के प्रति जागरूक किया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत साल 2008 से हुई है। नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डा. भारत भूषण ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस न सिर्फ बच्चियों के लिए बल्कि पैरेंट्स के लिए खास है। बेटियां ही सृष्टि का आधार हैं। इनमें ही श्रेष्ठतम विश्व के स्वप्न को साकार करने का सामर्थ्य है। किसी ने सही ही कहा है कि यदि बेटा अंश है, तो बेटी वंश है। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा. संजीव बेलवाल, प्रमोद कुमार, अजीजुर रहीम, पुनीत कुमार, अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# तीन बदमाशों ने सरेआम लहराए तमंचे, किसान से लूट की कोशिश, आसपास के लोगों ने पकड़कर पीटा

मुरादाबाद। पाकबड़ा थाना क्षेत्र में गन्ना भुगतान लेकर लौट रहे किसान को तीन बदमाशों ने लूटने की कोशिश की। किसान के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बदमाशों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार कर तमंचे और कारतूस बरामद किए पाकबड़ा थाना क्षेत्र के हासमपुर गोपाल गांव के पास बृहस्पतिवार रात आठ बजे शुगर मिल से



भुगतान लेकर लौट रहे किसान को तीन बदमाशों ने घेर लिया। किसान बदमाशों से भिड़ गया और शोर मचा दिया। किसान के शोर मचाने पर लोग जुट गए और उन्होंने घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को दबोच लिया। उनकी जमकर पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तमंचे और कारतूस बरामद किए। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के भाड़ली गांव निवासी हरनाम बृहस्पतिवार को को गन्ना लेकर असमोली शुगर मिल गए थे। किसान ने बताया कि रात करीब आठ बजे वह गन्ने का भुगतान लेकर बाइक से घर लौट रहे थे।थाना क्षेत्र के भाड़ली-लोधीपुर मार्ग के पास बदमाशों ने अपनी बाइक से हरनाम की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हरनाम लड़खड़ा गए लेकिन फिर संभले और बाइक लेकर गांव की तरफ भागे। बदमाशों ने हरनाम का गांव तक पीछा किया। गांव पहुंचते ही हरनाम बदमाशों से भिड़ गए। साथ ही शोर मचा दिया। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और भाग रहे बदमाशों का पीछा कर हासमपुर गोपाल गांव के पास तीनों को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने बदमाशों की जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को बदमाशों के पास दो तमंचे और चार कारतूस मिले। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान मझोला के जयंतीपुर निवासी अरशद और मैनाठेर के एहलादपुर निवासी आजम और फरमान के रूप में हुई है। पीड़ित की तहरीर पर बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बीच बाजार छात्र पर चाकू से किया हमला-पाकबड़ा नगर में बाइक खड़ी करने को लेकर हुई कहासुनी के बाद 11वीं के छात्र को एक युवक ने चाकू मारकर घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर अपने साथियों के साथ मौके से भाग गया। घायल छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पाकबड़ा के मोहल्ला पुराना थाना में रहने वाला 16 वर्षीय यश 11वीं कक्षा में पढ़ता है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि छात्र बुधवार की रात नौ बजे नगर में ही कैलसा रोड स्थित नई बस्ती में कपड़े खरीदने गया था। कपड़ा बाजार में कुछ बाइक खड़ी हुई थीं। छात्र ने एक युवक से बाइक साइड में करने को कहा। इसी बात को लेकर छात्र की युवक और उसके साथियों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने छात्र पर चाकू से हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया। छात्र के शरीर पर कई जगह घाव हो गए। इसके बाद आरोपी और उसके साथी मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया की छात्र को अस्पताल भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

# पुलिसकर्मी से 15 लाख की ब्लैकमेलिंग का प्रयास, महिला सहित 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद। युवती द्वारा फेसबुक से नंबर हासिल कर अपने को सहायक अध्यापक बता कर अविवाहित पुलिसकर्मी से शादी का प्रस्ताव रखने के बाद हरिद्वार बुला लिया और 15 लाख रुपये देने की मांग की। किसी तरह उसके जंगल से निकल अपने घर घटना के संबंध में अवगत कराया। वही युवती ने पुलिस कर्मी के खिलाफ शिकायत दर्ज करानी शुरू कर दी। वार्ता के लिए पुलिसकर्मी की मां युवती के गांव पहुंची तो उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए 15 लाख रुपये की मांग की। पुलिसकर्मी की मां ने पुलिस से शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की, तब उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला सहित 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद बिजनौर के थाना शिवाला कला के गांव भैसा निवासी मालती देवी पत्नी गणेश सिंह ने न्यायालय में याचिका दायर कर कहां की उसका बेटा सत्येंद्र उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत है ।3 महीने पर फेसबुक पर एक अजनबी लड़की प्रियंका ने स्वयं को अविवाहित बताते हुएग्राम गोटन की मंडिया में स्थित प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक बताते हुए शादी करने का प्रस्ताव रखा। इसी दौरान प्रियंका ने उसके बेटे को बातचीत करने के लिए हरिद्वार बुला लिया। वहां पर उसनेउसे 15 लख रुपये की मांग की। इसी तरह उसके चाम से निकाल वह घर पहुंचा। बेटे के विरुद्ध शिकायतें दर्ज करानी शुरू कर दी। जिस पर वह राणा ठाकुरद्वारा के गांव घोटो की मंडिया मे पहुंची तो पता चला कि प्रियंका पुत्री राजपालजनपद बिजनौर के थाना रेहड के गांव हर्रावाला की रहने वाली है जो काफी समय से गोटन की मंडैय्या में रह रही है। उसकी बहन पूजा पत्नी हरीराजउर्फ कलुआ एवं बबीता पत्नी भूपेंद्र उर्फ़ मालवा दीपा पत्नी प्रदीप से बात भी कराई। जब उनसे अध्यापक होने का प्रमाण पत्र मांगा तो नंबर पर फर्जी प्रमाण पत्र भेज दिया । इन लोगों से कहा कि वह मेरे पुत्र को क्यों परेशान कर रहे हैं उन्होंने कहा कि जब तक तुम 15 लाख रुपये नहीं दोगे तब तक हम ऐसे ही करते रहेंगे। पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र में कहा है कि इस तरह की उनकी तमाम शिकायतें हैं। यह लोग मेरे बेटे को ब्लैकमेल कर रहे हैं। इसके प्रमाणपत्र भी मौजूद है। न्यायालय ने सुनवाई के बाद महिला सहित 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। उसने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## संभल में मिला सबसे बड़ा कुआं- जामा मस्जिद के पास मोहल्ला दरबार में मौजूद, टोंक के राजा का लगता था दरबार

संभल में जामा मस्जिद के पास बंद कुएं की खोदाई पूरी कर उसे संवारने का काम शुरू हो गया है। संभल कल्कि देवतीर्थ समिति की निगरानी में 41 तीर्थ और 19 कूप सहित अन्य कुओं को प्राचीन स्वरूप में संवारा जा रहा है। संभल के जामा मस्जिद के नजदीक कुएं की खोदाई बृहस्पतिवार को पूरी हो गई है। यह खोदाई पालिका द्वारा कराई गई है। जामा मस्जिद के नजदीक स्थित दुकानों के नजदीक वर्षों पहले इस कुएं को बंद कर दिया गया था।

अब पालिका की ओर से इसकी खोदाई कराई गई है और संवारने का काम भी कराया जाएगा।संभल और उसके आसपास के तीर्थ, कूप और कुएं संवारने के लिए संभल कल्कि देवतीर्थ समिति का भी सहयोग रहा। यह समिति प्राचीनकाल की तरह ही इनको संवारने के लिए अपनी राय देगी। उसके बाद पालिका और ग्राम पंचायत द्वारा संवारा जाएगा। इस समिति के अध्यक्ष डीएम हैं।जबकि सह अध्यक्ष एसपी व अन्य पदों पर प्रशासनिक और अन्य लोग शामिल किए गए हैं। इसी क्रम में कूप, तीर्थ और कुएं संवारने की योजना तैयार की है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि अभी तक 41 तीर्थ और 19 कूप को चिह्नित कर लिया गया है। जो समिति की निगरानी में संवारे जाएंगे। उसके अलावा जो कुएं खोले गए हैं इनको भी प्राचीन रूप में ही बदला जाएगा।सरायतरीन के मोहल्ला दरबार में स्थित जिस प्राचीन कुएं का निरीक्षण एएसआई की टीम ने बुधवार को किया था। वह कुआं जिले का सबसे बड़ा कुआं है। इसकी बनावट भी अन्य कुएं से अलग है। प्रशासन को स्थानीय लोगों ने जानकारी दी है कि यह टोंक के राजा जो नवाब हुआ करते थे उनका दरबार लगता था। इस इलाके में बने भवन भी इसकी पुष्टि करते हैं कि किसी समय में इस इलाके में राजा का निवास स्थान रहा होगा। डीएम ने बताया कि सरायतरीन में मिला कुआं सबसे बड़ा कुआं है। इसको भी पुराने स्वरूप में लाया जाएगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# धरना -दर्शन करने वाले ठेकेदारों को पुलिस ने हड़काया, धरना -दर्शन बंद करो

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण हर घर जल योजना के अंतर्गत गांव -गांव पानी की टंकियां बनाने तथा पाइप लाइन बिछाकर घर -घर पानी पहुंचाने के काम में जुड़े जिलेभर के 39 ठेकेदारों का पिछले तीन महीने से लगभग 40 करोड़ का भुगतान नागार्जुन कान्स्ट्रेक्सन प्राइवेट कम्पनी ने रोक लिया है। लगातार आज-कल में भुगतान देने का आश्वासन 22 जनवरी था।वह भी निकल गया। जिससे भड़के ठेकेदारों ने कम्पनी गेट पर धरना शुरू कर दिया। कम्पनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जब तक भुगतान नहीं तब तक काम नहीं के नारे लगाए। जानकारी के अनुसार थाना इज्जतनगर के गांव



मुंडिया को में नागार्जुन कान्स्ट्रेक्सन लिमिटेड कम्पनी का कार्यालय है। कम्पनी से जुड़े जिलेभर के लगभग 39 ठेकेदारों को पिछले तीन माह से कोई भुगतान नहीं किया गया। जिसको लेकर आजकल में भुगतान करने का आश्वासन कम्पनी के अधिकारी देते रहे। अंतिम भुगतान का वादा 22जनवरी भी निकल गया। वृहस्पतिवार को भुगतान न मिलने से आक्रोशित ठेकेदारों ने कम्पनी गेट पर भुगतान को लेकर जितेन्द्र उर्फ़ जीतू के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।जिसके चलते कम्पनी के कर्मचारियों के हाथ -पैर फूल गये।उनका कहना है।जब तक भुगतान नहीं मिल जाता तब तक धरना -प्रदर्शन जारी रहेगा।इस दौरान अनिल यादव, नरेंद्र गंगवार,हासिम,आमिर, सलमान, अरविंद, संजीव कुमार, इकबाल,चरन सिंह, मोहित गंगवार आदि मौजूद रहे।इस सन्दर्भ में एन एस सी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के डीजीएम वी माहेश्वर ने बताया कम्पनी का भुगतान किसी अन्य जगह से नहीं मिला है।जिस कारण भुगतान में देरी हो रही है।हमारा भुगतान जैसे ही मिल जाएगा तो हम फ़रवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह में भुगतान कर दिया जाएगा। वहीं शुक्रवार को दूसरे दिन भी धरना -प्रदर्शन जारी रहा। जिसके चलते कम्पनी का सारा काम ठप हो गया। ठेकेदारों ने बताया दवाब बनाने के लिए डीजीएम वी माहेश्वर ने पुलिस को बुला लिया।और झूठे आरोप लगाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने हड़काते हुए कहा धरना -दर्शन से क्या भुगतान मिल जाएगा।अगर यह सब बन्द नहीं किया तो मुकदमा लिख जाएगा।

# 08 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

आज न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, मनोज कुमार-त्तीय के निर्देशानुपालन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी, द्वारा 08 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को समस्त प्रशासनिक अधिकारी/पुलिस प्रशासनिक अधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण/प्रतिनिधियों के साथ प्री-ट्रायल की बैठक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम-कक्ष में आहूत की गयी। उक्त बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण/प्रतिनिधियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालतमें



